तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 12.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

11 राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता के लिए दस सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन

12 बाल महोत्सव में 428 बच्चों ने कार्ड मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, ग्रुप डांस व सोलो सॉन्ग में मनवाया प्रतिभा का लोहा

## अठारह को धनतेरस से शुरू होगा दीपोत्सव का पर्व, लक्ष्मी पूजन में श्रीयंत्र, कमल का फूल व गन्ना रखने का विशेष महत्व

**रेवाड़ी शहर में 20 अक्टूबर को अपराह्न 3:45 से शाम 7:23 दिवाली पूजन शुभ मुहूर्त व सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त वृषलग्न शाम 7:11 से 9:07 तक रहेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दीपावली के पांच दिवसीय पर्व को लेकर लोग खरीददारी करने में जुटे हुए है। शहर के सभी बाजारों में दुकानों सज चुकी है। धनतेरस यानि धनवंतरी जयंती कार्तिक कृष्णपक्ष त्रयोदशी को मनाई जाती है, इस बार 18 अक्टूबर दोपहर 12:18 के बाद धन त्रयोदशी का प्रवेश होगा। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने बताया कि इस दिन भगवान धनवंतरी का जन्म हुआ था। शास्त्रों के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान भगवान धनवंतरी अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। धन वैभव देने वाली धनत्रयोदशी का विशेष महत्व माना जाता है। धनतेरस पर प्रिय धातु पीतल के बर्तन व गहने खरीदना शुभ माना जाता है, विशेष रूप से धनवंतरी आयुर्वेद के प्रतीक माने जाते हैं। इस दिन आमला व हल्दी की पूजा करने का महत्व है। प्रदोषकाल में घर के बाहर गृह द्वार में यमराज के लिए यमदीप चौमुखा या पंचमुखी दीपक जलाने से अकाल मृत्यु नहीं होती है। दीपदान से सूर्यनंदन यमराज प्रसन्न होते है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि धनतेरस पर खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त 18 अक्टूबर को दोपहर 12:19 से शाम 4:25 तक तथा 5:50 से 7:25 तक रहेगा तथा प्रदोष काल में यमदीप दान करना शुभ रहेगा। शास्त्री ने बताया कि रूप चौदस यानि नरक चतुर्दशी 9 अक्टूबर दोपहर 1:52 से 20 अक्टूबर दोपहर 3:44 तक रहेगी।

रेवाड़ी। शहर के बाजार में दिवाली से पूर्व सजी दुकान पर खरीददारी करती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

**छोटी दिवाली को सायंकाल दीपदान कर सकते है**

छोटी दिवाली को सायंकाल दीपदान कर सकते है, लेकिन अभ्यंग स्नान 20 अक्टूबर को प्रातःकाल हो सकेंगे, क्योंकि 20 को ही नरक चतुर्दशी चंद्रोदय व्यापिनी ग्राह्य है, चंद्रोदय के समय अभ्यंग स्नान करने का महत्व है। खेत की मिट्टी से युक्त अपामार्ग की जड़ व पत्तों को लोटे में तीन बार घुमाकर प्रातःकाल में चंद्र की किरणों में अभ्यंग स्नान करने से रूप में निखारता आती है। इसे रूप चौदस के नाम से जाना जाता है।

### गोवर्धन पूजा व भैया दूज का मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा 22 अक्टूबर को पूर्वाह्न गोवर्धन पूजा होगी। गोवर्धन पूजा के दिन गोबर के गोवर्धन बनाकर उनकी पूजा गंध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य 56 भोग लगाकर की जाती है। पूजा के बाद गोवर्धन की सात परिक्रमा लगाने का विधान है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर इंद्र का मान मर्दन करके ब्रज वासियों की रक्षा की थी। इसे अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है। शास्त्री ने बताया कि कार्तिक शुक्ल द्वितीया 23 अक्टूबर को भाईदूज या यम द्वितीया है, इस दिन चित्रगुप्त पूजन भी होता है। यमुना स्नान करना उत्तम है, इस दिन यमी ने अपने भाई यम को बुलाकर तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना करती है व भोजन कराती है। धन, यश, आयु, धर्म, काम और अर्थ की सिद्धि होती है। इस दिन बहनों को वस्त्र दान करें। यह त्योहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक माना जाता है।

### दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन का मुहूर्त

अजय शास्त्री।

कार्तिक कृष्ण अमावस्या सोमवार 20 अक्टूबर को प्रदोष व्यापिनी अमावस्या शाम 3:45 से 21 अक्टूबर शाम 5:54 रहेगी, जिसमे प्रदोषकाल का विशेष महत्व होता है। वृषभ लग्न तथा स्वाति नक्षत्र की प्रधानता होती है। निशीथ काल में काली पूजा भी संपन्न होगी। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने बताया कि ज्योतिषीय गणना में सातवीं राशि में सूर्य और चंद्र का मिलन तुलाराशि में ही दिवाली का त्योहार होता है। पंच दिवसीय त्योहार में प्रतिदिन घी या तेल का दीपक प्रज्जलित करना चाहिए।

#### श्रीयंत्र देवी लक्ष्मी का स्वरूप, पूजन में जरूर रखें

लक्ष्मी पूजन में श्रीयंत्र जरूर रखना चाहिए, श्रीयंत्र को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। कुबेर देव देवताओं के कोषाध्यक्ष हैं, दीपावली पर लक्ष्मी के साथ ही इनकी पूजा करनी चाहिए। लक्ष्मी पूजा में कमल का फूल और कमल के गट्टे की माला भी रखनी चाहिए। कमल गट्टे की माला से लक्ष्मी जी के मंत्र का जप होता हैं। देवी लक्ष्मी पूजन में गन्ना जरूर रखना चाहिए। महालक्ष्मी की तस्वीर के साथ देवी के चरण चिन्ह की भी पूजा करनी चाहिए। रेवाड़ी में 20 अक्टूबर को अपराह्न 3:45 से शाम 7:23 दिवाली पूजन शुभ मुहूर्त तथा सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त वृषलग्न शाम 7:11 से 9:07 तक रहेगा। निशीथ काल रात्रि 11:36 से रात्रि 12:25 तक रहेगा। सिंह लग्न रात्रि 1:41 से 3:58 तक रहेगी तथा 21 अक्टूबर को भौमवती अमावस्या रहेगी।

## खबर संक्षेप

### पोक्सो एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार गत 2 अप्रैल को नाबालिग से अश्लील हरकत करने और धमकी देने का केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने यूपी के पुरलोनियम दीनशाहगोरा निवासी सत्यम को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। कसोला थाना पुलिस ने 7 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद फरार हुए चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने वाहन चालक राजस्थान के सियोली की बेरी निवासी प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। वाहन भी कब्जे में लिया गया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 14 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने भिवानी के बोंद कलां निवासी अनिल पर हमला करने का आरोप लगाया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में अनिल को गिरफ्तार कर लिया। हमले में इस्तेमाल सिमेंट की ईंट भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। आरोपी को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 15 अक्टूबर को पीड़ति के बयान पर दर्ज किए गए केस में जांच के बाद नई बस्ती निवासी विजय को गिरफ्तार किया है। 5 अक्टूबर को घायल के बयान पर दर्ज किए गए केस में पुलिस ने रावली हाट निवासी हिमांशु को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों आरोपियों को रिहा कर दिया गया।

### एक साल से फरार आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चांदपुर की ढाणी के पास मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को एक साल बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 23 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

*अक्टूबर में अब तक में 47 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके*

## डेंगू का आंकड़ा 263 पर पहुंचा, लार्वा मिलने पर अब तक 3588 को थमाए गए नोटिस

**हेल्थ इंस्पेक्टर टीम के साथ ब्रीडिंग चेकर डेंगू की रोकथाम के लगातर प्रयास कर रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में डेंगू के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। वीरवार को डेंगू के 3 नए मरीज और मिलने से सीजन में पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 263 पर पहुंच गया है। अक्टूबर माह में अब तक में 47 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है। अभी तक मिले डेंगू के कुल मरीजों में 117 मरीज शहर से मिले है। अब तक मिले डेंगू मरीजों में 204 की पुष्टि प्राइवेट लैबों व 59 मरीजों की पुष्टि सरकारी लैब से की गई है। डिप्टी सीएमओ डा. अमित यादव के नेतृत्व में हेल्थ इंस्पेक्टर टीम के साथ ब्रीडिंग चेकर डेंगू की रोकथाम के लगातर प्रयास कर रहे है। घरों में लार्वा मिलने पर अब तक 3588 लोगों को नोटिस दिए जा चुके है। स्वास्थ्य विभाग की एमपीएचडब्ल्यू व ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 1965247 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है।

**अभी तक डेंगू के 258 केस व मलेरिया के 14 केस आ चुके**

मलेरिया हेल्थ इस्पेक्टर हरिप्रकाश ने बताया कि इस सीजन में अभी तक डेंगू के 258 केस व मलेरिया के 14 केस आ चुके है। जिले में अभी तक शहर में 117, बावल सीएचसी में 50, मीरपुर सीएचसी में 26, खोल सीएचसी में 45, गुरावड़ा सीएचसी में 12 व नाहड़ सीएचसी में 13 डेंगू के केस मिल चुके है। अब तक 3846 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार सोर्स रिडेक्शन सर्वे कर रही है। डिपटी सीएमओ ने कहा कि लोग अपने घरों में पानी की टंकी, फ्रिज-ट्रे, गमले, पशु खेल व कूलर की साफ-सफाई रखें। आसपास जमा पानी में काला तेल डालते रहे, जिससे मच्छर का लार्वा पनप न सकें।

**स्वास्थ्य विभाग की एमपीएचडब्ल्यू व ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 1965247 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी**

रेवाड़ी। पानी की टंकी में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी, पशु खेल में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी, मिट्टी के बर्तन में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

***जिले में अभी तक शहर में 117, बावल सीएचसी में 50, मीरपुर सीएचसी में 26, खोल सीएचसी में 45, गुरावड़ा सीएचसी में 12 व नाहड़ सीएचसी में 13 डेंगू के केस मिल चुक***

### डेंगू के मुख्य लक्षण

अचानक तेज बुखार , तेज सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द , थकान, मतली, उल्टी और शरीर पर दाने हैं। कुछ लोगों में गंभीर लक्षण हो सकते हैं, जिनमें पेट में तेज दर्द, लगातार उल्टी, मसूड़ों या नाक से खून आना और सांस लेने में कठिनाई शामिल है।

## दो बाइक जलाकर रंगदारी मांगने के आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में दो आरोपी। फोटो :हरिभूमि

**सिटी पुलिस ने चेतराम की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मोहल्ला छिपटवाड़ा में मकान के बाहर खड़ी दो बाइक को आग लगाने के बाद फोन पर रंगदारी मांगने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आगजनी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। मामले के एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। मोहल्ला निवासी चेतराम की दो बाइक उसके मकान के बाहर खड़ी थीं। दो युवक उसकी बाइक के पास आए। उनमें से एक ने बाइकों पर पेट्रोल छिड़का और दूसरे ने आग लगा दी। इसके बाद दोनों युवक अपनी बाइक से फरार हो गए। बाइक जलाने के बाद चेतराम के पास मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने उससे एक लाख रुपये देने की बात कही। रुपये उसके बताए स्थान पर नहीं पहुंचाने पर बाइकों जैसा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सिटी पुलिस ने चेतराम की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने हितेष और रितिक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## पारा गिरने से ठंडा हो रहा मौसम, प्रदूषण का खतरा बढ़ने लगा

एक खेत में बिजाई के लिए जमीन तैयार करते हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिन और रात का पारा गिरने से मौसम का मिजाज ठंडा पड़ना शुरू हो गया है। दिन के समय भी गर्मी का असर कुछ कम हो गया है। एसी और कूलरों का इस्तोमाल कम हो गया है। रात के समय ठंड अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगी है। इससे प्रदूषण बढ़ने का खतरा भी पैदा हो गया है। फिलहाल कुछ दिनों तक आसमान साफ रहने की संभावना है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप निकलने के बावजूद अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 32.5 डिग्री पर आ गया।

### सरसों की बिजाई पर किसानों का जोर

इस समय किसान सरसों की बिजाई पर पूरा जोर दे रहे हैं। माह के शुरू में हुई बारिश ने किसानों की मुश्किल आसान कर दी है। किसान बिना जमीन का पलाव किए ही सरसों की बिजाई कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सरसों की बिजाई का सही समय अक्टूबर माह के अंत तक है। इसके बाद गेहूं की बिजाई का कार्य शुरू हो जाएगा।

### बरसात की अभी कोई संभावना नहीं

न्यूनतम तापमान एक बार फिर 1.0 डिग्री की कमी के साथ 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि नमी का स्तर 40 फीसदी तक रहा। रात का तापमान इस समय सामान्य से कम बना हुआ है। बीते वर्ष यह 16.0 डिग्री के आसपास चल रहा था। रात के समय कूलरों का इस्तेमाल पूरी तरह बंद हो चुका है। पंखों की हवा भी ठंडी लगने लगी है। मौसम ठंडा होने के साथ ही प्रदूषण का स्तर भी जल्द बढ़ना शुरू हो सकता है। इस समय एक्यूआई 160 के आसपास बना हुआ है। दिवाली पर्व पर इसमें तेजी से वृद्धि हो सकती है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी लगातार निगरानी रख रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस माह आसमान साफ बना रहेगा। बरसात की अभी कोई संभावना नहीं है। दिन के तापमान में अभी और कमी आने का अनुमान है।

### आचार्य हितेश शास्त्री को मिली पीएचडी की उपाधि

रेवाड़ी। पीएचडी की उपाधि लेते हुए डा. हितेश शास्त्री। फोटो :हरिभूमि

रेवाड़ी। इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर मुरादपूरी के संस्थापक आचार्य हितेश शास्त्री ने बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी से संस्कृत विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनके मार्गदर्शक डा. जगदीश भारद्वाज थे। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सैनी, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व विश्वविद्यालय के कुलपति बाबा बालक नाथ ने आचार्य हितेश शास्त्री को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। इस उपलब्धि के लिए गांव निगानियावास में गबरू सरपंच, पंकज सरपंच, कृष्ण बोहरा, एडवोकेट सत्येंद्र झाबुआ, पार्षद रामचंद्र भारद्वाज, पंडित जयभगवान शर्मा, विजय भूरथला, मास्टर अंकुर यादव व सुरेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य लोगों ने डा. हितेश शास्त्री को शुभकामनाएं दी।

*रेल मंत्री को कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए वीरवार को जयपुर जाना था*

## जयपुर जाते चंद मिनट के लिए रुके रेल मंत्री, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव वीरवार सुबह दिल्ली से जयपुर जाते समय चंद मिनटों के लिए रेलवे स्टेशन पर रुके। अधिकारियों से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बाद में रेल मंत्री की स्पेशल ट्रेन जयपुर के लिए रवाना हो गई। रेल मंत्री को कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए वीरवार को जयपुर जाना था। उनकी ट्रेन कुछ देर के लिए स्टेशन पर आकर रुकी, तो रेल मंत्री अपने कोच से उतरकर ऑब्जर्वेशन कोच में सवार हो गए। इस कोच में कुछ देर तक उन्होंने रेल अधिकारियों से मंत्रणा की। रेल मंत्री के स्पेशन ट्रेन से जयपुर जाने की पूर्व सूचना होने के कारण रेल प्रशासन और आरपीएफ की ओर से पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। उनका रेलवे स्टेशन पर ठहराव का पूर्व कार्यक्रम नहीं था। आरपीएफ की ओर से स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हुए थे। उनकी ट्रेन सवा 8 बजे प्लेटफार्म पर आकर रुकी।

**कोच में कुछ देर तक मंत्री ने रेल अधिकारियों से मंत्रणा की**

रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों से बात करत रेलमंत्री वैष्णव। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा नेताओं को नहीं लगी भनक

भाजपा नेताओं को रेल मंत्री के स्टेशन पर ठहराव की भनक तक नहीं लगी, जिस कारण नेता उनके स्वागत के लिए नहीं पहुंच पाए। ट्रेन के ठहराव का पूर्व निर्धारित शेड्यूल नहीं था। लाइन क्लियर नहीं होने के कारण ट्रेन कुछ समय के लिए स्टेशन पर रुकी थी। मंत्री के कोच चेंज करने के कुछ देर बाद ट्रेन स्टेशन से रवाना हो गई।

### धिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

इसके बाद रेल मंत्री ने अपना कोच बदल लिया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बाद में यह ट्रेन जयपुर के लिए रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि रेलवे के कई कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रेल मंत्री का कार्यक्रम पहले से तय था, जिस कारण सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। प्लेटफार्मों की साफ-सफाई का कार्य पहले से कर लिया गया था। रेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी प्लेटफार्म पर पहले से मौजूद थे।

### गुड़ियानी पावर हाउस में मेंटेनेंस कार्य के कारण दो घंटे रहेगी बिजली बाधित

**कोसली।** कोसली सब डिवीजन के 33 केवी गुड़ियानी पावर हाउस में 17 अक्टूबर को मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण बिजली आपूर्ति दो घंटे बाधित रहेगी। पावर हाउस इंचार्ज एसएसए चन्द्रजीत ने बताया कि सुबह 8:05 से 10:05 बजे तक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। कार्य के कारण 11 केवी भूरियावास डीएस, गुड़ियानी एपी व मुरलीपुर एपी फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

■ सुबह 8:05 से 10:05 बजे तक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा

सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां

## मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात मैं अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *

## खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली एकांश काथरोटिया

**सोनी सब** पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है। एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली!' *

## दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान

न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

*बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।*

**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडाः** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में

दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापानः** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीनः** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिकाः** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों

में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# दीप जले दिवाली के!

नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, हिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!

## हंसगुल्ले

**मोनूः** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनूः** आखिर क्यों?
**मोनूः** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।

-सौम्या, रोहतक

**सोहनः** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहनः** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहनः** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहनः** माचिस!

-विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक हैं?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

**बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली

दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाज़े तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता
राकेश सोहम

# दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187

**रंग भरो-187** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

माही, महासमुंद

राजनंदिनी, रायपुर

वासनी, रायपुर

प्रियांशी, धमतरी

आशना, जांजगीर

आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## एक वर्ष से नगर पालिका की ओर से शहर में नियमित कूड़े के उठान के लिए किया गया एजेंसी को हायर

# शहर में 4.22 करोड़ रुपये की लागत से होगा डोर टू डोर कूड़े का कलेक्शन, कचरा होगा रिसाइकिल

- मार्च 2023 में समाप्त हो गया था डोर टू डोर कूड़े का कलेक्शन, करीब शहर में दो वर्ष तक नहीं हुआ नियमित रूप से कूड़े का उठान
- एजेंसी को प्रति माह किया जाता था 4 लाख रुपये का भुगतान

महेश कुमार ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका की ओर से शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। करीब ढाई वर्ष बाद नपा की ओर से शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन तथा कूड़े के रिसाईकिल करने का पांच वर्ष का टेंडर जारी किया है। इसके लिए नपा एजेंसी को 4.22 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी।

बता दें कि नगर पालिका की ओर से शहर में सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जाता हैं। वाहनों के माध्यम से शहर से निकलने वाले कचरे को शहर के देवास रोड़ स्थित डपिंग यार्ड में एकत्रित किया जाता है। 30 मार्च को 2023 को डोर टू डोर कूडा कलेक्शन का टेंडर समाप्त हो गया था। करीब छह माह तक अधिकारी दोबारा से कूड़ा कलेक्शन को टेंडर ही नहीं लगाए गए। टेंडर लगाने के बाद लंबे समय तक डीएमसी की सीट रिक्त होने के कारण फाइल अटकी रही। इसके बाद तत्कालीन एडीसी वैशाली सिंह को डीएमसी का चार्ज मिलने के बाद तकनीकी समस्या के चलते टेंडर का रिजेक्ट कर दिया गया था। इसके बाद दोबारा से अधिकारी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का टेंडर नहीं लगा पाए। गत वर्ष नगर पालिका के पार्षदों द्वारा की गई हड़ताल के बाद शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की अस्थाई व्यवस्था की गई थी। नपा की ओर से हायर की गई एजेंसी एक वर्ष से कूड़े कलेक्शन कर रही है। नपा द्वारा एजेंसी को प्रति माह चार लाख रुपये का भुगतान किया जाता है।

### शहर की सफाई को लेकर नपा गंभीर

नगर पालिका शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर है। बुधवार को मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में कूडा कलेक्शन के लिए एजेंसी का हायर कर लिया गया है। जल्द ही एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी कर शहर में नियमित रूप से कूड़े का उठान कराया जाएगा।

-रमेश सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष

महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### शहर से निकलता है प्रतिदिन 12 टन कचरा

महेंद्रगढ़ शहर में 15 वार्ड है। 11 वाहनों के माध्यम से पूरे शहर से डोर टू डोर कूडा कचरा एकत्रित करना होता है। वर्तमान में नगर पालिका के पांच टैंपों तथा तीन टैक्ट्रर से पूरे शहर का कचरा कलेक्शन किया जाता है। वाहनों की संख्या कम होने के कारण पूरे शहर से नगर पालिका के वाहनों से कूड़ा कलेक्शन करना किसी चुनौती से कम नहीं है। शहर से प्रतिदिन करीब 12 टन गीला व सूखा कचरा निकलता है। शहर से निकलने वाले कचरे को देवास रोड स्थित डपिंग यार्ड में एकत्रित किया जाता है। शहर से निकलने वाले कचरे निवारण नहीं होने के कारण डंपिग यार्ड में कई बार ओवरफ्लो भी हो चुका है।

### 30 मार्च को समाप्त हो चुका है टेंडर

नगर पालिका की ओर से शहर में सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का टेंडर एक निजी कंपनी को दिया हुआ था। वाहनों के माध्यम से शहर से निकलने वाले कचरे को शहर के देवास रोड स्थित डपिंग यार्ड में एकत्रित किया जाता है। निजी कंपनी के टेंडर की समयावधि 30 अप्रैल 2023 को समाप्त हो चुकी है। टेंडर की समयावधि समाप्त होने के कारण शहर के विभिन्न मोहल्लों से नियमित कूड़े उठान नहीं हो पा रहा है। महेंद्रगढ़ शहर में 15 वार्ड है। 11 वाहनों के माध्यम से पूरे शहर से डोर टू डोर कूड़ा कचरा एकत्रित करना होता है। इनमें से नगर पालिका के पास तीन ट्रेक्टर व पांच टैंपों है। शहर प्रतिदिन करीब 12 टन गीला व सूखा कचरा निकलता है।

## खबर संक्षेप

### बिजली का करंट लगने पर पूर्व सरपंच घायल

**मंडी अटेली।** खेत में काम करते समय गुरुवार को अटेली खंड के गांव फतेहपुर की पूर्व सरपंच संतोष देवी बिजली की लाइन के नीचे झूलते तारों के टच होने से करंट से घायल हो गई। घायल अटेली के निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। पूर्व सरपंच के पति महावीर ने बताया नेशनल हाईवे 11 पर स्थित रोहतास कॉलेज के सामने उसका कृषि फार्म हाउस है। वीरवार दोपहर खेत में काम करते समय बिजली के झूलते तारों से हाथ टच कर गया, जिससे करंट से वह घायल हो गई। इस बारे में अनेक बार सिहमा बिजली उपमंडल कार्यालय को सूचित कर दिया है लेकिन इस लाइन को ऊंचा नहीं किया गया है। जिस कारण खेत में काम करते समय हर समय करंट का डर सताता रहता है। खेत में छह फुट की निचाई तक तार आए हुए हैं इस कारण करंट का खतरा बना रहता है।

### विश्वकर्मा पूजा दिवस 23 को

**महेंद्रगढ़।** शहर के विश्वकर्मा मंदिर में 23 अक्टूबर को विश्वकर्मा पूजा दिवस आयोजित किया जाएगा। कमेटी प्रधान आशोक कुमार ने बताया कि 23 अक्टूबर को प्रातः नौ बजे हवन होगा। इसके बाद सुबह 11.15 बजे प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी दिन कमेटी की आय-व्यय का लेखा-जोखा सुनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान शिल्पकला के गुरु भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाएगी।

## मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने पर नगर परिषद व नगर पालिका का दिखावा

# शहरी बाजारों में अतिक्रमण ने रोकी ग्राहकों की राह

*खानापूर्ति के लिए दो घंटे में हटाने के दिए निर्देश, फिर हटाना भूली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दिवाली त्योहार है। जाहिर है बाजार में भीड़ होगी। इसी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने मुख्य बाजार महावीर मार्ग से दोपहिया वाहनों की नो-एंट्री कर दी है। इसका असर पहले ही दिन दिखाई दिया। वीरवार को दिनभर जहां पुलिस ने दोपहिया वाहनों को अंदर एंट्री नहीं करने दी। नजीजन जाम की स्थिति नहीं बनी। वहीं कुछ दुकानदारों ने इस पुलिस व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की। दुकानदारों का कहना था कि दोपहिया वाहन को पुरानी कचहरी मैदान में खड़ा करके ग्राहक एक किलोमीटर पैदल उनकी दुकान पर नहीं आ सकता, वह महावीर मार्ग की दुकानों की बजाय अंदरूनी हिस्से वाली मार्केट में पहुंचेगा, इससे उनकी ग्राहकी पर असर पड़ा है।

त्योहार सीजन पार्ट -2

*▶▶ दुकानदारों का कहना था कि दोपहिया वाहन को पुरानी कचहरी मैदान में खड़ा करके ग्राहक एक किलोमीटर पैदल उनकी दुकान पर नहीं आ सकता, वह महावीर मार्ग की दुकानों की बजाय अंदरूनी हिस्से वाली मार्केट में पहुंचेगा, इससे उनकी ग्राहकी पर असर पड़ा है।*

महेंद्रगढ़। शॉपिंग कॉम्पलेक्स में दुकानदार द्वारा रोड पर रखा गया सामान। फोटो : हरिभूमि

नारनौल। महावीर मार्ग पर मुख्य बाजार के एंट्री गेट पर अतिक्रमण हटाने के लिए कहते जेई व एसएचओ। फोटो : हरिभूमि

### जिले में लगाए 41 पुलिस नाके

धनतेरस व दीपावली त्योहार को देखते हुए पुलिस विभाग ने जिलेभर में विभिन्न स्थानों मार्केट क्षेत्र, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर 41 जगह नाके लगाए हैं। नाकों पर तैनात किए गए पुलिस कर्मियों को सघन चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। एसपी पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से भीड़ भाड़ वाले बाजारों में नियमित रूप से गश्त करें। संदिग्ध व असामाजिक किस्म के लोगों पर कड़ी निगरानी रखें। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार राईडर तथा पैदल गश्त करें। सिविल वर्दी में भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। भीड़ वाली जगहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि पर कानून व्यवस्था व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए संपूर्ण जिले में पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

### खानापूर्ति भरी चेतावनी

ट्रैफिक एसएचओ अनिल कुमार के साथ नगर परिषद से जेई विकास शर्मा महावीर चौक से मुख्य बाजार के एंट्री द्वार पर पहुंचे। यहां दुकानदारों ने सड़क पर सामान रखा था। यह देख जेई विकास शर्मा ने चार दुकानदारों को सामान हटाने को कहा। साथ ही जेई ने कहा कि दो घंटे के अंदर सड़क से सामान हटा लें। यह समय सीमा बीतने के बाद उनकी टीम खुद सामान हटा देंगी। यह खानापूर्ति भरी चेतावनी देकर नगर परिषद की टीम वहां से चली गई। यह बात सुबह साढ़े 11 बजे की है। उसके बाद टीम अतिक्रमण हटाना भूल गई।

### जाम में उलझेगा अटेली का बाजार

**मंडी अटेली।** त्योहारी सीजन में अटेली के बाजार में जाम और भीड़ की समस्या बनेगी। अभी से ही अटेली के मुख्य बाजार के रास्ते पर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सामान फैलाना और सड़कों पर गलत तरीके से खड़े वाहन जाम की मुख्य वजह बन चुकी है। नगर पालिका अटेली की ओर से दीपावली को देखते हुए कोई इंतजाम नहीं किए हैं।

### बाजार में दुकानदारों ने सड़क पर किया कब्जा

**महेंद्रगढ़।** त्योहारी सीजन को देखते हुए शहर के बाजारों में दुकानदारों ने अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। शहर के 11 हट्टा बाजार, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, शंकर मार्केट, सिनेमा रोड, रेलवे रोड, माता मसानी चौक, सर्राफा बाजार सहित अनेक बाजार में दुकानदारों ने रोड पर टैंट लगाकर दोनों तरफ 10–10 फीट कब्जा कर लिया हैं। रोड पर अतिक्रमण करने के कारण बाजार में आने वाले राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। बाजार में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रहीं है। इसके अलावा दुकानदारों ने नगर पालिका की दीवार के साथ ही करीब 10–10 फीट कब्जा जमाए बैठे है।

नारनौल। अवैध निर्माण हटाती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

# अवैध कॉलोनी में लगाया चेतावनी बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम ने वीरवार को बाईपास रोड पर खालसा ढाबे के साथ लगती जमीन पर लगभग 2.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में चेतावनी बोर्ड लगाने कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार किरारोद अफगान में कुछ लोगों की ओर से लगभग 2.5 एकड भूमि में महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से बिना लाइसेंस अनुमति लिए अवैध कॉलोनी बनाई जा रही थी। यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग की अगुवाई में स्टाफ सदस्यों ने पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई।

### सड़क हादसे में फेरी लगाने वाले की मौत

**नारनौल।** शहर के मोहल्ला प्राणपुरा निवासी 71 वर्षीय प्रमोद नामक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला प्राणपुरा निवासी 71 वर्षीय प्रमोद फेरी लगाकर गांवों में कपड़े बेचने का काम करता था। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अपनी मोपेड से जल महल के रास्ते किसी गांव में जा रहा था। इसी दौरान जल महल से थोड़ा आगे तेज रफ्तार पिकअप ने उसको टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह रोड पर गिर गया, जिससे उसको गंभीर चोटें लगी। आसपास के लोगों ने उसको तुरंत उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस को भी इसकी जानकारी दी। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्रमोद को मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई।

# सिंघानिया विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पचेरी बड़ी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के संस्थापक दिवंगत डीसी सिंघानिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संस्थापक दिवस समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उनकी प्रेरणादायक विचारधारा, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाजसेवा की भावना को समर्पित रहा। समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि द्वारा पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए किया गया, जिसके पश्चात सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक आरंभ हुआ। विवि अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने अपने स्वागत भाषण में डीसी सिंघानिया की उपलब्धियों, उत्कृष्ट शैक्षणिक दृष्टि और विश्वविद्यालय की प्रगतिशील शैक्षणिक सुविधाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजस्थान के जीएसटी आयुक्त अनुज गोगिया ने कहा कि मरुस्थलीय क्षेत्र में डीसी सिंघानिया द्वारा स्थापित यह विश्वविद्यालय छात्रों के लिए उन्नत शिक्षा का सशक्त केंद्र बन चुका है।

नारनौल। अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से मूर्तिकार मातूराम, एडवोकेट संतोष यादव, समाजसेवी डॉ. मधुसूदन मलानी, सेवानिवृत सीबीआई न्यायधीश राकेश यादव, वेदप्रकाश, एडवोकेट दीपक यादव, छज्जूराम रावत, कैप्टन इंद्राज सिंह, कैप्टन कैलाश चंद, आदि मौजूद रहे।*

महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हैप्पी स्कूल में दीवाली मेला आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग में शुक्रवार को दिवाली मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर दीपों की जगमगाहट और बच्चों की मुस्कान से सराबोर नजर आया। छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, संचालक सुभाषचंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. जेएस कुंतल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया। मेले में विद्यार्थियों ने अपने उत्साह और रचनात्मकता से विविध आकर्षक स्टॉल लगाए, जिनमें पानी पुरी, छोले-कुलचे, भेलपुरी, पिज्जा, पास्ता, केक-पेस्ट्री, चाट-पापड़ी, खिलौने, रंगोली डिजाइन, दीप सजावट जैसे अनेक स्टॉल प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने। रिंग गेम, बैलून शूट, स्पिन द व्हील्ह, टॉस द ग्लास जैसी गतिविधियों ने जोश भर दिया।मेले का संचालन विंग प्रभारी रेखा राघव के नेतृत्व में किया गया। मुख्यातिथि ने सभी स्टॉल्स का भ्रमण किया, विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करते हैं।

# मॉडर्न स्कूल में हुई सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता

### तीन स्तर में करवाई गई स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता तीन स्तर में करवाई गई। प्रथम स्तर की प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के बीच करवाई गई। दूसरे स्तर की प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच करवाई गई। इसी प्रकार तीसरे स्तर की प्रतियोगिता कक्षा नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बीच करवाई गई। प्रथम स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंश कक्षा पांचवी, दूसरा स्थान कक्षा चौथी तथा तीसरा स्थान चंचल कक्षा पांचवी ने प्राप्त किया। दूसरे स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान युग कक्षा सातवीं, दूसरा स्थान तन्वी कक्षा सातवीं तथा तीसरा स्थान सन्नी कक्षा सातवीं ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा तीसरे स्तर की प्रतियोगिता में हितेश कक्षा 12वीं कला संकाय ने प्रथम स्थान, निशा कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय तथा तीसरा स्थान रिया कक्षा 10वीं ने प्राप्त किया।

महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बधाई दी

स्कूल स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी खंड स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सड़क सुरक्षा की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संस्था निदेशक राजकुमार, हवासिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य मनोज कुमार, नवीन कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार ने बधाई दी।

## मैजिक शो या अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए लेनी होगी शिक्षा निदेशालय से अनुमति

# स्कूलों में बच्चों से पैसे लेकर दिखाए जाने वाले मैजिक शो पर लगाई रोक

- निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला ने उपायुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को जारी किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश के स्कूलों में बच्चों से पैसे लेकर दिखाए जाने वाले मैजिक शो व अन्य कार्यक्रमों पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी है। ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई किए जाने का प्रावधान होगा। इस बारे में निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला ने एक पत्र भी जारी किया है। जिसमें सख्ती से ऐसा करने के बारे में लिखा गया है। राज्य के सभी राजकीय व निजी विद्यालयों में बिना अनुमति मैजिक शो या किसी भी प्रकार के निजी कार्यक्रमों के आयोजन पर सख्त रोक लगाई है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक जितेन्द्र कुमार की ओर से आदेश जारी किए गए हैं।

शिक्षा विभाग ने पहले भी पत्र क्रमांक 15/129-2009 (5) दिनांक 16 अक्टूबर 2009 तथा 5/223-2016 एचआरजी-1 (2) दिनांक तीन नवंबर 2016 के माध्यम से स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसी भी विद्यालय में छात्रों से राशि एकत्रित कर मैजिक शो आयोजित न किए जाएं। बावजूद इसके, कुछ जिलों में उपायुक्त एवं क्षेत्रीय अधिकारियों की ओर से विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रमों की अनुमति दी जा रही थी, जिस पर विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है।

### डीसी को भी भेजा पत्र

*निदेशालय ने सभी जिला उपायुक्तों, जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को इन आदेशों की सख्त पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। भविष्य में इन आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*



कार्यालय : निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला

नारनौल। शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किया गया पत्र।

### विद्यार्थियों से नहीं ली जाएगी फीस

नये आदेश के तहत सभी राजकीय व निजी विद्यालयों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि यदि किसी विद्यालय में मैजिक शो या अन्य कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता हो, तो उसके लिए पूर्व अनुमति शिक्षा निदेशालय से प्राप्त करनी अनिवार्य होगी। साथ ही ऐसे आयोजनों के लिए किसी भी छात्र से फीस या टिकट के पैसे नहीं लिए जाएंगे। ये कार्यक्रम केवल निःशुल्क और शैक्षणिक या स्वास्थ्यवर्धक उद्देश्य से ही आयोजित किए जा सकते हैं, जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो।

# खराब फसल के मुआवजे को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** खराब कपास व बाजरे की फसल का मुआवजे को लेकर बुचौली के किसानों ने लघुसचिवालय में वीरवार को एसडीएम कनिका गोयल को एक ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने बताया कि बीते दिनों गांव बुचौली में भारी बारिश होने के कारण बाजरे व कपास की फसल नष्ट हो गई थी, जिसमें उत्पादन की दृष्टि से देखा जाए तो कपास में प्रति एकड़ एक क्विंटल से भी कम उत्पादन हो रहा है तथा ऐसा ही हाल बाजरे में देखा गया है। हमारा गांव बुचौली पूर्ण रूप से कृषि पर आश्रित है। सरकार के वायदे के अनुसार मुआवजे की बात कही गई थी, लेकिन हमारे गांव के पटवारी ने नुकसान 24 प्रतिशत से भी कम दिखाया है। बिना किसी गिरदावरी के किसानों को मुआवजे से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने एसडीएम से मांग की है कि गांव बुचौली में स्पेशल गिरदावरी करके खराबे की जांच करके उचित मुआवजा दिया जाए।इसके अलावा अधिकारी को भी मौके पर भेजकर फसलों का जायजा ले ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। इस मौके पर पंकज राव, जिलेसिंह, गजराज, धर्मपाल, सतीश, वेदपाल, ओमप्रकाश, राहुल व अजय सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एकता शिविर में खुशी सम्मानित

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा खुशी का चयन हरियाणा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में किया गया था। शिविर का आयोजन चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में किया गया। कॉलेज लौटने पर छात्रा खुशी का प्राचार्या व स्टाफ ने अभिनंदन किया। प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने छात्रा को सम्मानित किया। नवनियुक्त प्राचार्य सत्येंद्र सिंह ने भी खुशी को शुभकामनाएं दी।

### जन विश्वास-जन विकास समारोह आज

**रेवाड़ी।** प्रदेश में हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में जन विश्वास-जन विकास समारोह का आयोजन 17 अक्टूबर को बाल भवन में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव होंगी, जबकि वशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार और कोसली से विधायक अनिल यादव उपस्थित रहेंगे।

### अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक 24 को

**रेवाड़ी।** पंचायत समिति धारूहेड़ा के अध्यक्ष दलबीर सिंह के विरुद्ध प्राप्त अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जिला सचिवालय रेवाड़ी के कमरा नंबर 202 ए में 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पंचायत समिति धारूहेड़ा के सभी सदस्यों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया है। एडीसी राहुल मोदी ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1944 की धारा 62 व हरियाणा पंचायती राज नियमावली 1995 के नियम 10(3) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। एडीसी ने बैठक के आयोजन को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गई हैं।

### यादव सभा का निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप 19 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार 19 अक्टूबर को सुबी 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को फ्री दवाइयां भी प्रदान की जाएंगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एचआर यादव मेडिसिन, डा. पार्थ यादव हड्डीरोग, डा. प्रद्युम्न यादव मूत्ररोग सर्जरी, डा. कंचन यादव नेत्ररोग, डा. कोमल यादव ने दंत रोग व डा. अजीत यादव बालरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### देह व्यापार मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना माडल टाउन पुलिस ने होटल में देह व्यापार कराने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 18 जून को पुलिस को बावल रोड पर एआर होटल में देह व्यापार होने की सूचना मिली थी। जिस पर डीएसपी रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बोगस ग्राहक के जरिए कार्रवाई की थी। पुलिस ने वहां से पांच महिलाओं को बरामद करते हुए होटल मालिक व मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज करते हुए दो आरोपियों जगदीप व पवन को गिरफ्तार कर लिया था। रेड के बाद फरार हुए दो और आरोपी गुरूग्राम के दौलताबाद निवासी जितेन्द्र उर्फ ईशु व कोसली रोड नाहड़ निवासी योगेन्द्र उर्फ राजा को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस बेल और दूसरे को मुचलके के आधार पर रिहा कर दिया गया।

## कार्ड मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, ग्रुप डांस व सोलो सॉन्ग प्रतियोगिताओं का आयोजन

# बाल महोत्सव में 428 बच्चों ने विभिन्न स्पर्धाओं में मनवाया प्रतिभा का लोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान व जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में चल रहे बाल महोत्सव के चौथे दिन कार्ड मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, ग्रुप डांस व सोलो सॉन्ग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि रूहानी आईएएस असिस्टेंट कमिश्नर यूटी व श्रुति शर्मा चेयरपर्सन बाल कल्याण समिति ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रही। मुख्यातिथि ने जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव व निर्णायक मंडल के सदस्यों सहित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने आए नन्हे प्रतिभागियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यातिथि आईएएस रूहानी ने कहा कि प्रतिभागी बच्चे बाल महोत्सव के मंच को हार जीत के मंच की बजाय उसे अपनी प्रतिभा को निखारने का एक अवसर समझे। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगिताओं व खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने परिषद की ओर से संचालित सभी गतिविधियों जैसे ब्यूटी केयर, फैशन डिजाइनिंग, कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, ड़े-केयर केंद्र व डिजिटल लाईब्रेरी का भी निरीक्षण किया।

रेवाड़ी। बाल महोत्सव में बच्चों का उत्साहवर्धन करते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की

*वीरवार को आयोजित प्रतियोगिताओं में जिले के 35 गैर सरकारी एवं 3 सरकारी विद्यालयों के 428 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि 17 अक्टूबर को ग्रुप डांस चतुर्थ वर्ग, पैट्रियोटिक ग्रुप सॉन्ग द्वितीय वर्ग व चतुर्थ वर्ग की रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। निर्णायक मंडल की भूमिका में पायल यादव, मदन डागर, बृजमोहन भारद्वाज, श्रीपति सिंह शेखावत, श्याम सुंदर, डा. संगीता, गीता कुमारी, सुरेन्द्र मोरवाल, भूपेन्द्र, प्रोमिला व अजीत शामिल थे। कार्यक्रम में कुसुमलता, नीतू चौधरी, एकता रानी, बलजीत सिंह, पिंकी कार्यक्रम अधिकारी, प्रवीण यादव लेखाकर, रोशनी सुपरवाइजर, अजमेर गोदारा परिवीक्षा अधिकारी, मुग्धा यादव अधीक्षिका, जोगेन्द्र, अमित, सुक्रम, अनिल शर्मा, कविता तथा वॉलेंटयर के रूप में नैंसी, रीतिका, यश्वी, एकता रानी व उषा ने सहयोग प्रदान किया।*

### ये रहे चौथे दिन की प्रतियोगिताओं के परिणाम

कार्ड मेकिंग प्रथम वर्ग-तानशी यादव ने प्रथम, मिहिका ने द्वितीय, वानी पुत्री संतोष ने तृतीय एवं वानी पुत्री प्रवीण, शिविका, तेजल, हानिष्का, दीप्ति, आरध्या, भूमिका व दिव्या ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

क्ले मॉडलिंग प्रथम वर्ग-अंबर ने प्रथम, पार्थ ने द्वितीय, लक्ष्य, अक्षरा, सविका, चहक व चारुश्री ने तृतीय एवं नक्ष, अलिशा, भूमिका एवं कशिश ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

क्ले मॉडलिंग द्वितीय वर्ग-हर्षलता ने प्रथम, रेहाना ने द्वितीय, जितेश ने तृतीय एवं नवीन, राज अहिरवार, गीताक्षी शिवम एवं हर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

ग्रुप डांस द्वितीय वर्ग-मानवी कौशिक टीम ने प्रथम), जाहन्वी टीम ने द्वितीय, अंशिका टीम ने तृतीय एवं नमन टीम, हाना टीम व नव्या टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

सोलो सॉन्ग द्वितीय वर्ग-वेदांश सैनी ने प्रथम, पूर्वी राव ने द्वितीय, त्रिश चतुर्वेदी एवं मानवेश ने तृतीय तथा यशुवी, जतिन व उदित ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

रेवाड़ी। बाल महोत्सव में ग्रुप डांस पेश करते हुए छात्राएं, क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में भाग लेता छात्र-छात्राएं तथा बाल महोत्सव में ग्रुप डांस पेश करते हुए छात्र।

# बीच सड़क पर आगे से खड़ा हो गया ट्रैक्टर

## बड़ा हादसा होने से टला

- सर्कस जैसा नजारा बना नाईवाली चौक पर, अचानक ब्रेक लगाने से उठ गया आगे का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नाईवाली चौक पर वीरवार सुबह अचानक ब्रेक लगाने से बजरी की भरी ट्रॉली से जुड़ा ट्रैक्टर अलग होकर आगे से खड़ा हो गया। ट्रैक्टर चालक हादसे में बाल-बाल बच गया। नजारा देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बाद में रस्सियों की मदद से लोगों ने ट्रैक्टर को सीधा कराते हुए सड़क से हटवाया। अगर ट्रैक्टर सड़क पर पलट जाता, तो इससे बड़ा हादसा भी हो सकता था।

बजरी से भरी ट्रॉली लेकर एक ट्रैक्टर शहर की ओर आ रहा था। नाईवाली चौक के पास अचानक बाइक आगे आने से चालक ने ब्रेक लगा दिए। ट्रॉली में वजन ज्यादा होने के कारण ट्रॉली का हुक टैक्टर से अलग हो गया। ट्रैक्टर का आगे का हिस्सा सड़क पर खड़ा हो गया। जिस तरह से सर्कस में नजारे दिखाए जाते हैं, वैसा ही नजारा नाईवाली चौक पर नजर आने लगा। चालक ट्रैक्टर से कूद गया, जिससे वह सुरक्षित बच गया। आसपास के लोगों की भीड़ सीधे खड़े ट्रैक्टर को देखने के लिए एकत्रित हो गई। बाद में रस्सियों की मदद से ट्रैक्टर को सीधा किया गया। इस दौरान कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा। गनीमत यह रही कि ट्रैक्टर पलटा नहीं। अगर ट्रैक्टर पलट जाता, तो इससे चौक पर बड़ा हादसा हो

रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने थाने का भ्रमण कर ली कानूनी जानकारी

## थाना प्रभारी ने अपराधों के प्रति सचेत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल गांव हांसाका के विद्यार्थियों ने वीरवार को सदर थाने का भ्रमण किया। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें अपराधों के प्रति सचेत किया। उन्होंने पुलिस की ओर से संचालित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी दी गई। निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में खुश रहने के महत्व को बताते हुए खेलकूद को इसका सर्वोत्तम साधन बताया। विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालिकाओं का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत बालिकाओं के अधिकारों और कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराना, उनमें सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना और कानून के प्रति सम्मान विकसित करना था।

### खास बातें

- निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में खुश रहने के महत्व को बताते हुए खेलकूद को इसका सर्वोत्तम साधन बताया
- सदर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया
- विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी दी

# बाल श्रम के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई तीन नाबालिगों बच्चों को कराया मुक्त

- दो बच्चे कार वॉशिंग सर्विस स्टेशन और एक बच्चा होटल से रेस्क्यू किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में बाल श्रम उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वीरवार को प्रशासनिक टीम ने ढालियावास क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया, जिसमें दो बच्चे कार वॉशिंग सर्विस स्टेशन और एक बच्चा होटल से रेस्क्यू किया गया। डीसी अभिषेक मीणा को शिकायत मिली थी कि ढालियावास स्थित एक कार वॉशिंग स्टेशन पर नाबालिग बच्चों से काम कराया जा रहा है।

डीसी ने सहायक श्रम आयुक्त और डीसीपीयू टीम को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला टास्क फोर्स ने मौके पर संयुक्त अभियान चलाया और तीनों बच्चों का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर काउंसलिंग कराई गई। यह अभियान एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए चलाए जा रहे न्याय तक पहुंचह्वकार्यक्रम के तहत बचपन बचाओ आंदोलन के सहयोग से संचालित किया गया।

रेवाड़ी। बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चे टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

### बाल श्रम एक गंभीर और दंडनीय अपराध

कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से एएसआई रश्मि और कांस्टेबल सुनील, एमडीडी ऑफ इंडिया से तुषार शर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी करुणा यादव और श्रम निरीक्षक राजबीर शामिल थे। एमडीडी ऑफ इंडिया के पीड़ित सहायक संयोजक तुषार शर्मा ने बताया कि बाल श्रम एक गंभीर और दंडनीय अपराध है। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे से काम कराना या 14 से 18 वर्ष के किशोर को खतरनाक कार्य में लगाना कानूनन प्रतिबंधित है। इसके लिए एक से छह महीने तक की जेल या 20 से 50 हजार रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।

### दयाकिशन ने मास्टर्स गेम्स में जीते गोल्ड व सिल्वर

**रेवाड़ी।** जिले के गांव भाड़ावास निवासी मध्य प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड 67 वर्षीय एएसआई दयाकिशन यादव ने हाल ही में सूरत गुजरात में हुए चौथे राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स में 5 किलोमीटर दौड़ में 24 मिनट का समय लेते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया तथा 10 किलोमीटर दौड़ में 53 मिनट का समय लेकर रजत पदक पर कब्जा किया। इससे पहले भी दयाकिशन राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के मास्टर्स वर्ग में दौड़ प्रतियोगिताओं में अनेक पदक जीतकर अपने गांव व जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी उपलब्धि पर गांव के गणमान्य लोगों व खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### नन्हे बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा प्री से केजी के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने रामायण के प्रतिष्ठित पात्रों के रूप में अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्रों ने राम, सीता, लक्ष्मण, मंथरा, सुग्रीव, हनुमान और अन्य पात्रों के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल की सचिव जयश्री सैनी ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना। स्कूल निदेशक नवीन सैनी ने सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे जीवन में राम की जीवनशैली और विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। स्कूल के अध्यापकों ने भी बच्चों के साथअपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# कई शिकायतों का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला सचिवालय सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एडीसी राहुल मोदी ने आमजन की समस्याएं सुनकर विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं के आवेदनों को लंबित न रखा जाए। एडीसी ने आमजन से आह्वान किया कि वे समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और अपनी समस्याओं का निवारण कराएं और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

समाधान शिविर में फैमिली आईडी, पेंशन, अवैध कब्जा, आधार कार्ड व पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न शिकायतें आई, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया गया, वहीं लंबित रहीं शिकायतों पर अधिकारियों को जल्द कार्रवाई कर उनके त्वरित समाधान करने के आदेश दिए गए।

### विश्वामित्र सदन की टीम बनी विजेता

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में वीरवार को विश्व भोजन दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल में अंतर सदनीय फूड स्टॉल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। स्कूल के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन किया। विश्वामित्र सदन के प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और पाक कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। विजयी सदन के विद्यार्थियों में याशु, अवनी, अदिति, दिविषा, प्रियदर्शनी, घनिष्का, हिमांशी, प्रियांशी, वेदिका राज यादव, चित्रा, चंचल और कविश शामिल थे। शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और पौष्टिक भोजन के महत्व के बारे में समझाया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वस्थ भोजन के महत्व के बारे में जागरूक करना और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देना था।

रेवाड़ी। विश्व सांख्यिकी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

# विश्व सांख्यिकी दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में पिंकी बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली स्थित डीएवी महिला महाविद्यालय में चौथे विश्व सांख्यिकी दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. जयसिंह ने बताया कि विश्व सांख्यिकी व्यांख्यिकी दिवस हर वर्ष 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। विश्व स्तर पर प्रत्येक पांच वर्ष में मनाए जाने वाले विश्व सांख्यिकी दिवस 2025 की थीम उतम सांख्यिकी एवं डेटा से सभी के लिए परिवर्तन संचालित करना रही, जिसमें विषय की प्रासंगिकता और व्यावहारिक उपयोग पर जोर दिया गया। छात्राओं ने सांख्यिकी विषय पर आधारित निबंध लेखन व क्विज प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। निबंध लेखन में पिंकी बीकॉम द्वितीय ने प्रथम व अंश बीए प्रथम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में कोमल, प्रीति व तनु की टीम विजयी रही।

**प्रतियोगिता** प्राचार्या व निर्णायक मंडल ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

# राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता के लिए दस सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन

विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के 9 कॉलेजों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मेजबान कॉलेज सहित केएलपी कॉलेज, अहीर कॉलेज, राजकीय महिला महाविद्यालय गुरावड़ा, राजकीय महाविद्यालय कंवाली, राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा, आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय बावल व राजकीय महिला महाविद्यालय बावल की टीम शामिल रही। कॉलेज प्राचार्या व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डा. ज्योति यादव ने वर्तमान समय में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका इंदिरा गांधी विवि मीरपुर के रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो करण सिंह, प्राणी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो पंकज व भौतिक विज्ञान विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर डा. कविता ने निभाई।

रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

निबंध लेखन प्रतियोगिता में जीसीडब्ल्यू गुरावड़ा से सुषमा प्रथम, केएलपी कॉलेज से कुशाग्र द्वितीय, आरडीएस गर्ल्स कॉलेज से हर्षिता शर्मा तृतीय, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज रेवाड़ी से शिवानी चौथे, कंवाली कॉलेज से निमिता पांचवे, जीसीडब्ल्यू गुरावड़ा से रितिका छठे, जीसीडब्ल्यू गुरावड़ा से संगीता सातवें, कंवाली कॉलेज से प्रीति यादव आठवे, आरडीएस गर्ल्स कॉलेज से अंजलि नौवे तथा गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज रेवाड़ी से मुस्कान ने दसवां स्थान प्राप्त किया।

### विजेताओं का सम्मानित किया

कार्यक्रम के संयोजक सुनील कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर 10 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जो राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में रेवाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को 15000, द्वितीय को 12000, तृतीय को 8000 व सांत्वना पुरस्कार के तौर पर 4000 की राशि प्रदान की जाएगी। प्राचार्या व निर्णायक मंडल ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में डा. जयश्री, डा. सुनील कुमार, डा. रजनी, डा. ज्योति व डा. पूनम सहित विज्ञान संकाय के सभी सदस्यों ने सहयोग दिया।